

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक107 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 01 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी प्रदेशवासी बनें भागीदार

### मु यमंत्री डॉ यादव ने दी नव वर्ष की बधाई

भोपाल -मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नव वर्ष 2024 की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मु यमंत्री डॉ यादव ने नव वर्ष में सभी के सुखी और समृद्ध होने की कामना की है। मु यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी प्रदेशवासी अपना अमूल्य सहयोग देकर भागीदार बनें। मु यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमारा प्रण आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाना है। हम सभी एकजुट होकर प्राण-प्रण से इस संकल्प की पूर्ति में जुट जाएं।

## बगैर परमिट चल रहे वाहनों के लिए परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की जि मेदारी तय होगी - मु यमंत्री डॉ यादव

सिवनी यशोः- मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गुना हादसे में दोषियों के विरुद्ध स त कार्यवाही के लिए मु य सचिव को निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर से सभी कले टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि यदि उनके क्षेत्र में बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरती जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की भी जि मेदारी तय कर स त कार्यवाही की जाए। मु यमंत्री डॉ यादव गुना दुर्घटना के प्रभावितों से भेंट के बाद गुना से लौटकर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि गुना हादसे के लिए दोषी आरटीओ गुना और सीएमओ गुना को निलंबित किया गया है। गुना हादसे के बाद समय पर फायर ब्रिगेड उपलब्ध न कराए जाने के कारण नगर पालिका अधिकारी के निलंबन का कदम उठाया गया है। मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो का दायित्व निर्धारित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो यह भी ध्यान रखा जाएगा। यह संवेदनशील विषय है। इस संबंध में राज्य सरकार ने सजगता से ऐसी दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए भी निर्देश दिए हैं। सभी जि मेदार लोगों के विरुद्ध राज्य सरकार आवश्यक रूप से स त कार्रवाई करेगी।

# हिट एंड रन कानून का खिलाफ उतरे ड्राइवर

सिवनी यशोः-मध्य प्रदेश में नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवर सड़क पर उतर आए हैं. ड्राइवरों की यूनियन ने इस कानून का विरोध किया है. उन्होंने बताया कि कैसे ये कानून उनके लिए संकट बन जाएगा।

लोकसभा में हिट एंड रन रोड ऐ सीडेंट केसों को लेकर स त और नया रोड ऐ सीडेंट कानून पास हो गया है. यानी अब कोई रोड पर ऐ सीडेंट करके भागा तो उसके खिलाफ स त सजा का प्रावधान किया गया है. नए कानून में ऐ सीडेंट के बाद भागने वाले ड्राइवर पर 10 साल की सजा के साथ-साथ 7 लाख तक अर्थदंड की सजा का प्रावधान किया गया है. हालांकि, ऐ सीडेंट होने पर अगर आरोपी ड्राइवर घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। नए कानून को लेकर जगह-जगह विरोध शुरू हो गया है।

दरअसल, सरकार द्वारा किए गए संशोधन के तहत सड़क हादसे के बाद मौके से भागने वाले चालक को 10 साल की सजा और 8 लाख रुपए जुमार्ने का प्रावधान किया जा रहा है. ड्राइवरों की मांग है कि सरकार इस काले कानून को वापस ले. ऐसा नहीं होने पर ड्राइवर स्टेयरिंग छोड़



हड़ताल करने मजबूर होंगे. ड्राइवरों के अनुसार ऐ सीडेंट की घटना ड्रायवर कभी भी जानबूझकर नहीं करते हैं। ड्राइवरों ने बताया कि घटना के बाद मौके से नहीं भागे तो जमा हुई भीड़ ड्राइवरों को मारपीट करने सहित कई बार जान तक ले लेती है. वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा जो जुमार्ना और सजा का प्रावधान किया है वह गरीब ड्राइवर कहां से भरेंगे और दस सालों की सजा होने पर परिवार का भरण पोषण कैसे होगा. ड्राइवर यूनियनों ने सामूहिक रूप से नए कानून में संशोधन करने की मांग की है।

## एमपी में थमे ट्रकों के पहिए पेट्रोल डिपो के ड्रायवरों ने शुरू की हड़ताल

सिवनी यशोः- नए साल में जिले के सभी पेट्रोल पंप ड्राई होने की स्थिति में है। आने वाले दो-चार दिन पेट्रोल डीजल ना मिलने की संभावना को देखते हुए गाड़ी मालिकों ने पेट्रोल पंपो की तरफ दौड़ लगा दी है और पेट्रोल पंपों में भारी भीड़ जमा हो रही है।

ज्ञातव्य है कि हिट एंड रन कानून के चलते ड्रायवरो ने विरोध शुरू कर दिया है और यह विरोध धीरे-धीरे बढ़ते जा रहा है। पिछले दो दिनों में सभी पेट्रोल डिपो के ड्रायवरों ने हड़ताल कर दी है जिसके चलते जिलो में पेट्रोल डीजल नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसी स्थिति में जितना पेट्रोल डीजल पंपो में था वह बिकते हुए ड्राय की स्थिति में आ रहा है और जैसे ही यह खबर लोगों के कानो में पड़ रही है वे पेट्रोल पंपो की तरफ दौड़ लगा रहे हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पेट्रोल पंपो में भारी भीड़ जमा हो गई है और गाड़ी मालिक अपने-अपने वाहनों को फुल करा रहे हैं। पेट्रोल डीजल की ऐसी सप्लाई सुबह तक रही तो रिजर्व स्टॉक को छोड़कर सभी पेट्रोल पंप ड्राय हो जायेंगे।

## ग्राम भाड़तेंदनी के शिवमंदिर से हुए शिव भगवान चोरी

### पूर्व सांसद नीता पटेरिया ने छपारा थाने में की शिकायत

सिवनी यशोः- छपारा विकासखंड के ग्राम भाड़तेंदनी में स्थित शिवमंदिर के शिवलिंग को जिलेहरी सहित किसी अज्ञात व्यक्ति ने वहां से उठाकर कहीं अन्यत्र ले जा लिया है। इस आशय की सूचना पूर्व सांसद नीता पटेरिया ने छपारा थाने में दी है।

बताया गया है कि इस घटना को तीन दिन बीत चुके हैं और लोग मुंह-मुंह में ही इस बात की चर्चा कर रहे हैं। आज इमलीपठार के सरपंच ने इस आशय की बात पूर्व सांसद नीता पटेरिय को बताई और वे थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराये हैं। उल्लेखनीय है कि इन दिनों पूरा प्रदेश को पंडित प्रदीप मिश्रा के शिवपुराण के कारण शिवभक्त हो चुका है जहां जर्जर शिवमंदिरो का पुनर्रूद्धार कर उसे नया रंग दिया गया है वहीं तरह की घटना समझ से परे है कि किसी व्यक्ति ने शिवजी को जिलेहरी सहित मंदिर से उखाड़कर ले जा लिया है या कहीं फेंक दिया है। शिकायत में पुलिस से जांच की मांग कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

## निःशुल्क 108 जननी ए बुलेंस वाहन का दुरुपयोग

### पायलट गरीब मरीजों से पैसे लेकर छोड़ रहे हैं घर




सिवनी यशोः-जिले में निःशुल्क 24 जननी एंबुलेंस एवं 20. 108 ए बुलेंस वाहन शासन के द्वारा संचालित किया जा रहे हैं जिसमें जननी ए बुलेंस का मु य उद्देश्य गर्भवती महिला को अस्पताल लाना और प्रसव उपरांत हॉस्पिटल से उनके घर निशुल्क छोड़ना है एवं 108 ए,एल, एस,(ALS )और वी एल एस (VLS.)वाहन का उपयोग क्रिटिकल एवं नॉन क्रिटिकल पेशेंट के लिए निशुल्क सेवाएं देना हैं जबकि सिवनी जिले में पदस्थ डी.एम हर्षित चाढ़क की लापरवाही के चलते इन जननी वाहन का दुरुपयोग कैसे होता है आप जिले के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्र पर महिला नसबंदी शिविर का कार्यक्रम होता है उस दिन देख सकते हैं कैसे इन जननी एंबुलेंस वाहन का उपयोग पायलट और डी.एम की साठ गाड़ से वाहनों का दुरुपयोग और फर्जी कॉल में आईडी लेकर बिजी रखा जाता है और इन वाहनों का दुरुपयोग किया जाता है जिससे जरूरतमंद गरीब गांव की जनता को परेशानी उठाना पड़ता है और मरीज को अधिक पैसे खर्च करके अपने साधन से गर्भवती महिला को अस्पताल तक आना पड़ता है शासन पिछले एक माह का संपूर्ण जिले का रिकॉर्ड को सूक्ष्मता से जांच कर ले तो सच सामने आ सकता है बताया जाता है की जननी ऐ सप्रेस के वाहन चालक और जिले में बैठे डी,एम हर्षित चांडक के साथ मिलकर इन वाहनों के चालक और अटेंडर महिला नसबंदी करवाने वाले मरीज से उनके घर छोड़ने के नाम से तीन सौ से पाँच सौ रुपये लेकर उनको घर छोड़ते हैं जबकि शासन के द्वारा इन वाहनों का उपयोग सिर्फ गर्भवती महिला कोअस्पताल लाना एवं प्रसव पश्चात निशुल्क उनके घर छोड़ना है

## गढ़ेवाल समाज के परिचय स मेलन में हुये सिवनी विधायक

सिवनी यशोः- रविवार 31 दिसंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन गढ़ेवाल समाज के



परिचय स मेलन व नव वर्ष समारोह मे स मिलित हुए। नगर के बारापत्थर क्षेत्र स्थित राशि लान मे अखिल भारतीय गढ़वाल समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय स मेलन एवं नव-वर्ष मिलन समारोह मे विधायक दिनेश राय मुनमुन अतिथि के रूप मे स मिलित हुए। जहां पर सामाजिक जनों द्वारा आपका पगड़ी पहनाकर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थितों को संबोधित कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी सं या मे सामाजिक जनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# हथियार चमका कर भागे तस्कर, जंगल से सागौन तस्करी के मामले में ट्रक जप्त

**मुखबिर की सूचना के आधार पर परिक्षेत्र सहायक छपारा एवं अन्य वन अमला द्वारा सयुक्त रूप से बीट पश्चिम छपारा के वन कक्ष क्रमांक आर.एफ 1179 के कूप क्रमांक VII चंदेनी SCI कूप में गये मौका स्थल पर एक 06 पहिया वाहन टाटा अल्ट ा वाहन क्रमांक MH40CM 0919 खड़ा मिला, उक्त वाहन में अथवा आसपास कोई भी व्यक्ति मौके पर नही मिला वाहन में 20 नग सागौन लठ्ठे लोड मिले। जिसका क ुल आयतन 2.997 घ.मी. तथा वन उपज का मूल्य 181735.00 रू. हैं। जप्त सागौन वनोपज का अवलोकन करने पर पूर्व से हेमर जप्त सागौन वनोपज में लगाया जाना पाया गया। वन अपराध प्रकरण क्रमांक 47779/17 दिनांक 31.12.2023 पंजीबद्ध किया गया।**

छपारा यशोः- नेशनल हाईवे 44 से लगे घोघरी गांव के जंगल से छपारा वन विभाग की टीम ने सागौन तस्करी के मामले में एक ट्रक को जप्त किया है बताया जा रहा है कि तस्कर ट्रक में हथियारों के साथ ली आए हुए थे. वन विभाग की टीम जब दबिश दी तब हथियार लहरा कर जंगल में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए. फिलहाल वन विभाग की टीम ने ट्रक जप्त कर लिया है।

बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र छपारा की पश्चिम बीट के जंगल में कूप कटाई का सागौन कटा हुआ रखा हुआ था. जिसे तस्कर ट्रक में लोड कर योजना बाद तरीके से ले जाने की तैयारी पर थे. मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने दबिश दी.जहां से ट्रक 20 नग सागौन के लट्ठे लोड मिले हैं. जिसकी कीमत 1लाख 81हजार735 रुपए बताई



जा रही है. इस मामले में अज्ञात तशकारो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इस ट्रक को जप्त करने पर वनरक्षक निरंजन मर्सकोले को मिली मुखबीरी पर पकड़ने में सफलता हाथ लगी है. बताया जाता है कि इस मामले में कई आरोपी शामिल हो सकते हैं जिस तरीके से भारी भरकम सागौन के लट्ठे ट्रक में लोड करने तस्कर पहुंचे थे जिसमें आसपास के लोग भी इस तस्करी में शामिल हो सकते हैं। वहीं वन विभाग की टीम सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर इसकी जांच कर रही है।

इस कार्यवाई के दौरान सराहनी भूमि का पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी संजय जयसवाल वनपाल चंद्र विनय सिंह शकीर अब्बास खान वनरक्षक निरंजन मार्शकोले वनरक्षक कृष्ण कुमार वनपाल संतोष विश्वकर्मा वनरक्षक बसंत धुर्वे स्थाई कर्मचारी ओमशंकर यादव सुरक्षा श्रमिक अमरचंद भलावी सुरक्षा श्रमिक रिमलाल उइके सुरक्षा श्रमिक मौजूद रहे जिनकी कड़ी मशक्कत से सागौन तस्करी के मामले में ट्रक जप्त किया गया है गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इसी तरह का मामला बरघाट में भी सागौन तस्करी का सामने आया था जिसमें वन विभाग की टीम ने दो चार पहिया वाहन और ट्रक भी जप्त किया है वही इस मामले में नेशनल हाईवे का फायदा उठाकर तस्कर फरार हो गए जिनके पास हथियार होना भी बताया जा रहा है वन विभाग के कर्मचारियों के सामने हथियार लहराते हुए आरोपी फरार हो गए।


ट्रक बरघाट का बताया जा रहा है जिसमें ट्रक के आसपास कलर ब्रदर एस लिखा हुआ है जिसका मालिक बरघाट का रहने वाला है फिलहाल इस मामले में वन विभाग की टीम छानबीन में जुटी है तस्करी के मामले में कितने आरोपी शामिल है जिस पर जांच कार्यवाही जारी है।

# SPL क्रिकेट टूर्नामेंट नही सिवनी का समारोह है. - आशुतोष तिवारी

**बॉयज लब, बिंझावाड़ा, स्वयं महावीर बॉयज, गुरुनानक लब, सिवनी वारियर्स स्स्ट QK स्पोर्ट्स पहुंची क्वाटर फाइनल में.. 2, 3 दिसंबर को क्वाटर फाइनल 4 को सेमीफाइनल 5 को होगा स्क्का फाइनल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की टीम पहुंची स्क्क ग्राउंड आयोजन समिति ने किया गर्म जोशी से स्वागत..**

सिवनी यशोः- सिवनी प्रीमियर लीग एसपीएल में रविवार को 5 मैच खेले गए । इन पांच मैचों में सभी टीमों ने नॉकआउट में पहुंचने के लिए आपस में संघर्ष किया और खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को दिखाकर सभी मैचों को को रोमांचक बनाया । दर्शन और क्रिकेट प्रशंसकों ने बेहतर खिलाड़ियों को नगद राशि व पुरस्कार से स मानित किया आज टूर्नामेंट के माचो में मु य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय परिषद के सिवनी विभाग संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी सिवनी विभाग संयोजक नितिन सनोडिया,जिला संघटन मंत्री वैभव शु ला ,जिला सयोजक हर्ष अग्रवाल के साथ सिवनी के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी टी आई लखनवाड़ा और वरिष्ठ पत्रकार रहे।

टूर्नामेंट के उपाध्यक्ष और संरक्षक सदस्य अभिषेक दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का पहला मुकाबला ड्रीम 11 और वॉरियर्स बॉयज के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर वॉरियर्स बॉयज ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्रीम 11 ने 10 ओवर में 158 रन बनाए



स्रह्लद्गड्डद्व11 की ओर से ईश्वर ने 66 आलोक ने 53 रनों की पारी के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी वारियर बॉयज 61 रन से मुकाबला हार गई अच्छी गेंदबाजी करते हुए ब्रावो ने चार विकेट प्राप्त की इस मैच के मैन ऑफ द मैच ब्रावो रहे

आज का दूसरा मुकाबला यंग हीरो छपरा और नन्नू 11 के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर नन्नू ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 120/3 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी नन्नू ने यह मुकाबला चार विकेट से जीत लिया नन्नू की ओर से कटरे ने 37 रन की पारी खेली ओर आकिब ने 30 रनों की पारी खेली इस मैच की मैन ऑफ द मैच कटरे रहे।

आज का तीसरा मुकाबला गुरु नानक` लब और स्वयं महावीर के मध्य खेला गया महावीर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 56 रन बनाएं स्वयं महावीर की ओर से अरबाज ने 39 राणा जी ने 37 रन की परी की लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरु नानक 14 रनों से यह मुकाबला हार गई गुरु नानक की ओर से हर्षित ने 32 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए अभिषेक ने चार विकेट प्राप्त किया और इस मैच के मैन ऑफ द मैच बने ।

आज का चौथा मुकाबला यंग हीरो छपरा और वॉरियर्स बॉयज के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर वॉरियर्स बॉयज ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स ने 10 ओवर में 94 रन 8 विकेट खोकर बनाएं इनकी ओर से गौरव ने 49 रनों की पारी खेली गेंदबाजी करते हुए हर्षित ने चार विकेट प्राप्त किए लक्ष्य पीछे करने उतरी यंग हीरो छपरा दो विकेट से मुकाबला जीत गई यंग हीरो की ओर से अनस ने 21 रनों की पारी खेली वही अच्छी गेंदबाजी करती हुई दुर्गेश ने चार विकेट प्राप्त किया इस मैच के मैन ऑफ द मैच हर्षित रहे

आज का अंतिम मुकाबला शिवनी वॉरियर और एससी के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर शिवनी वॉरियर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 156 रन बनाए शिवनी वॉरियर की ओर से मनीष ने 35 उनके साथ देते हुए आशीष राणा ने 31 रनों की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएससी 45 रनों से यह मुकाबला हार गई सिवनी वारियर की ओर से अच्छी गेंदबाजी करते हुए शुभम ने पांच विकेट प्राप्त करें इस मैच के मैन ऑफ द मैच शुभम रहे

## इंदौर में प्रदर्शन के दौरान पुलिसवालों से हाथापाई

इंदौर। हिट एंड रन में ड्राइवरों के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कानून का सभी दूर विरोध हो रहा है। इंदौर में भी रविवार को ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और ड्राइवरों ने मांगलिया स्थित आइल डिपो पर प्रदर्शन किया। इस दौरान गाड़ियां फोड़ने पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हाथापाई हुई।

शिप्रा थाना पुलिस ने हाथापाई के मामले में कुछ लोगों पर केस भी दर्ज किया है। ट्रक संचालक और ड्राइवर केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन की धारा में संशोधन करने का विरोध कर रहे थे। सरकार ने धारा 304ए को गैर जमानती कर दो साल की जगह दस साल की सजा कर दी है। ड्राइवरों ने कहा कि ऐ ट में संशोधन होने से चालकों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्हें नौकरी छोड़ना पड़ेगी।

## जबरन नॉलेज



# भारत के लिए वर्ष 2024 भी सुनहरा वर्ष साबित होने जा रहा है

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 60,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर चुका है

प्रहलाद सबनानी-

विश्व के कुछ देश वर्ष 2024 में मंदी की मार झेल सकते हैं, यह कुछ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों का आंकलन है। परंतु, वैश्विक स्तर पर अर्थव्यस्था के गिरने की स भावनाओं के बीच एक देश ऐसा भी है, जिस पर समस्त अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक, की नजरें टिकी है, वह है भारत। भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति समस्त विदेशी वित्तीय संस्थान आशावान हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को अब भारत ही सहारा देने की क्षमता रखता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अभी हाल ही में एक प्रतिवेदन जारी किया है। इसमें भारत के प्रति मु य रूप से तीन बातें कही गई हैं। प्रथम, भारत आज विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। दूसरे, भारत का सकल घरेलू उत्पाद 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करेगा। तीसरे, वर्ष 2024 में वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में भारत का योगदान 16 प्रतिशत का रहने वाला है। भारत आने वाले समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था के विकास में एक इंजिन के रूप में अपना योगदान देने को तैयार है।

भारत ने वर्ष 2023 में विश्व में कम होती विकास दर के बीच भी आकर्षक विकास दर हासिल की है। ` योंकि, भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, लगातार कई बड़े फैसले लिए हैं, जिनका प्रभाव अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

एक तो भारत ने आर्थिक व्यवहारों का डिजिटलीकरण किया है और इस क्षेत्र में पूरे विश्व को ही राह दिखाई है, इससे आर्थिक व्यवहारों की न केवल निपुणता बढ़ी है बल्कि लागत भी बहुत कम हुई है।

दूसरे, केंद्र सरकार ने देश में आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए भारी भरकम राशि का पूंजीगत खर्च किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की गई थी एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की जा रही है।



भारत में सड़क, रेल्वे एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विकास पर 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का पूंजीगत खर्च आगे आने वाले समय में किये जाने की योजना बनाई गई है। वर्ष 2017 से 2023 के बीच आधारभूत संरचना के विकास हेतु 70 लाख करोड़ रुपए की राशि का पूंजीगत खर्च किया गया था परंतु वर्ष 2024 से 2030 के बीच 143 लाख करोड़ रुपए की राशि का पूंजीगत खर्च किए जाने की योजना बनाई जा रही है।

तीसरे, भारत में केंद्र सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को कई योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करने की भरपूर कोशिश की है, जिसका परिणाम इस वर्ग की सं या में भारी भरकम कमी के रूप में देखने को मिला है। और फिर, अब तो यह वर्ग मध्यम वर्ग की श्रेणी में शामिल होकर भारत में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में सहायक की भूमिका निभा रहा है, जिससे देश में ही विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन में भारी वृद्धि हो रही है।

इसी प्रकार, विश्व के सबसे बड़े ऑफिस का प्ले स का निर्माण भारत में गुजरात राज्य के सूरत शहर में किया गया है। इस ऑफिस का प्ले स में 4,500 से अधिक हीरा व्यवसाईयों के कार्यालय स्थापित किए गए हैं। इस का प्ले स में कच्चे हीरे के व्यापारियों से लेकर पोलिश हीरे की बिक्री करने वाली क पनियों के ऑफिस एक ही जगह पर स्थापित किए जाएंगे।

सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग के नाम से इस का प्ले स, जो 67 लाख वर्गफुट से अधिक के क्षेत्र में फैला है, का उद्घाटन दिस बर 2024 माह में भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा स पन्न हुआ है। यह का प्ले स अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन के मु यालय भवन से भी बड़ा है, पेंटागन के मु यालय को आज तक विश्व में सबसे बड़ा भवन माना जाता रहा है। इस तरह के कई व्यावसायिक केंद्र भारत में विकसित हो रहे हैं।

विश्व के अन्य देश मुद्रा स्फीति की समस्या से पिछले कुछ वर्षों से लगातार जूझते रहे हैं परंतु भारत ने इस समस्या पर भी नियंत्रण प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। जुलाई 2023 में भारत में खुदरा महंगाई की दर 7.44 प्रतिशत थी जो अे टोबर 2023 में घटकर 4.87 प्रतिशत पर नीचे आ गई है। अब तो शीघ्र ही भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी की घोषणा कर सकता है जिससे देश में ब्याज की दरें कम होना शुरू होंगी इससे निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था में और अधिक तेजी की स भावना बनेगी।

आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था को यदि किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है तो वह आंतरिक समस्या न होकर वैश्विक स्तर की समस्या के कारण होगी। ` योंकि, कुछ देशों, विकसित देशों सहित में मंदी की स भावनाएं बन रही हैं।

दूसरे, रूस यूक्रेन युद्ध, ह मास इजराईल युद्ध, चीन का अपने पड़ौसी देशों से टेंशन, यूरोपीयन देशों के आपसी झगड़े, कुछ ऐसे बिंदु हैं जो भारत की विकास दर को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकते हैं। यदि इन्हीं समस्त कारणों से कुछ विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं तो भारत से विभिन्न उत्पादों का निर्यात भी कम होगा, आयात होने वाली वस्तुओं की लागत बढ़ेगी, इस प्रकार की समस्याएं खड़ी हो सकती हैं जो भारत को भी आने वाले समय में परेशान करें।

दूसरे, कुछ प्राकृतिक कारण भी जैसे मानसून का उचित समय पर नहीं आना अथवा कम बारिश होना, जैसी कुछ समस्याएं भी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। अन्यथा पिछले लगभग 10 वर्ष का समय भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल कहा जाना चाहिए और आगे आने वाले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था नई ऊचाईयों को छूने के लिए तैयार है।

उदाहरण के लिए यह इतिहास में पहली बार होने जा रहा है कि भारतीय शेयर बाजार वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2023 तक लगातार 8 वर्षों तक निवेशकों को लाभ की स्थिति प्रदान करता रहा है। दूसरे, अमेरिकी वित्तीय संस्था लीहमन ब्रदर्स के वर्ष 2008 में टूटने के बाद भारत का नि टी एवं चीन का शंघाई शेयर बाजार 3000 के अंकों पर थे, परंतु आज भारत का नि टी 21800 अंकों के ऊपर पहुंच गया है और चीन का शंघाई शेयर बाजार अभी भी 3000 अंकों पर ही बरकरार है।

लगभग समस्त देशों के निवेशक आज भारतीय शेयर बाजार के प्रति अत्यधिक भरोसा जताए हुए हैं और आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 60,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

## 'अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन' का किया उद्घाटन: 'रामपथ' पर मेगा रोड शो, इन 8 ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी



अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समय पास आता जा रहा है. कोई कसर न चुके इसके लिए सभी प्रकार के व्यवस्था की जा रही हैं. यहाँ पर हर प्रकार की तैयारियां जोरों पर हो रही हैं. शनिवार को प्रधानमंत्री अयोध्या पहुंचें जहाँ उन्होंने पुनर्विकसित अत्याधुनिक अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया और फिर उन्होंने 2 अमृत भारत के साथ ही 6 वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई. इस निर्णय से अयोध्या आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन के साथ ही नई सुविधाओं का लोकार्पण किया. इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ही उत्तर प्रदेश के मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे.

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है. इसमें तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन भवन लि ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा जैसी सभी आधुनिक सुविधाएँ हैं. पूजा की ज़रूरतों के लिए दुकानें, ` लॉक रूम, बच्चों की देखभाल के कमरे, प्रतीक्षालय ङ्कये सब बनाए गए हैं. स्टेशन भवन 'सभी के लिए सुलभ' और 'आईजीबीसी प्रमाणित ग्रीन स्टेशन भवन' है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से 2 अमृत भारत ट्रेनों और 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई. प्रधानमंत्री ने जिन अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई, उनमें से एक अमृत भारत ट्रेन दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल वाया अयोध्या और दूसरी मालदा टाउन से एम विश्वेश्वरैया टर्मिनस, बेंगलुरू तक चलेगी. वहीं, छह वंदे भारत ट्रेनों में श्री माता वैष्णो देवीकटरा-नई दिल्ली वंदे भारत ऐ सप्रेस, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत ऐ सप्रेस, कोयंबटूर-बेंगलुरू कैंट वंदे भारत ऐ सप्रेस, मैंगलुरू-मडगांव वंदे भारत ऐ सप्रेस, जालना-मुंबई वंदे भारत ऐ सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत ऐ सप्रेस हैं.

## मध्य प्रदेश में शुरू होगा प्री-पेड बिजली सिस्टम, प्रति यूनिट पर उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ



इंदौर। नए साल से मध्य प्रदेश में एक और नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। अब वो उपभोक्ता जिनके घरों और अन्य जगहों पर स्मार्ट मीटर लगे हुए हैं वह प्री-पेड सिस्टम और टैरिफ प्लान का लाभ उठा सकेंगे।

इन्दौर। नया साल शुरू होने के साथ मध्य प्रदेश में नई व्यवस्थाएं भी शुरू हो रही है। जिस तरह से प्री-पेड मोबाइल सिस्टम होता है ठीक उसी तरह से बिजली व्यवस्था में भी प्री-पेड सिस्टम शुरू किया जाएगा। प्रदेश के इंदौर से सबसे पहले इसकी शुरुआत की जाने वाली है। फरवरी और मार्च से इंदौर के विद्युत उपभोक्ता प्री-पेड भुगतान की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर से इस टैरिफ प्लान को मंजूरी दे दी गई है। वितरण कंपनियों द्वारा भी इसे लागू करने की तैयारी कर ली गई है।

इंदौर से होगी शुरुआत

पश्चिमी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्री-पेड भुगतान व्यवस्था सबसे पहले इंदौर से शुरू करने जा रही है। ऐसे इसीलिए किया जा रहा है ` योंकि यहां पर सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं लिहाजा प्रोजे ट की शुरुआत के लिए मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहलाने वाला इंदौर सही जगह होगी। नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ता प्रति यूनिट पर 25 पैसे का लाभ उठा सकेंगे। हालांकि, ये सुविधा सभी के लिए लागू नहीं की जा रही है यह वैकल्पिक है और उपभोक्ता इसे अपने मन से शुरू करवा सकते हैं।

प्री-पेड बिजली सिस्टम टैरिफ प्लान के संबंध में विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा विद्युत नियामक आयोग को याचिका प्रस्तुत की गई थी। याचिका में बताया गया था कि किस तरह से उपभोक्ताओं तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाया जाएगा। जिसे देखते हुए नियामक आयोग ने इस सिस्टम को लागू करने के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। प्री-पेड बिजली सिस्टम उन उपभोक्ताओं के लिए शुरू किया जा रहा है जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लगा हुआ है। हालांकि यह विकल्प है अगर उपभोक्ता चाहें तो पुरानी व्यवस्था में बने रह सकते हैं और अगर उन्हें प्री-पेड सिस्टम शुरू करवाना है तो वह इसके लिए बिजली कंपनी को अपना आवेदन दे सकते हैं। उपभोक्ता और कंपनी दोनों को ही इस सिस्टम से काफी लाभ होगा।

## प्रदेश में वर्तमान में 41.10 लाख हे टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता

**2027 तक इसे बढ़ाकर 53 लाख हे टेयर करने का लक्ष्य**

भोपाल। प्रदेश में वर्तमान में जल-संसाधन विभाग के अंतर्गत 41 लाख 10 हजार हे टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित की जा चुकी है। विभाग द्वारा दिस बर-2024 तक 43 लाख हे टेयर, दिस बर-2025 तक 46 लाख हे टेयर और दिस बर-2027 तक 53 लाख हे टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता बढ़ाये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। जल-संसाधन विभाग के अंतर्गत वर्तमान में 40 वृहद, 63 मध्यम और 375 लघु परियोजनाएँ निर्माणाधीन हैं, जिनकी कुल सिंचाई क्षमता 30 लाख हे टेयर है। वर्तमान स्थिति में 11 लाख हे टेयर क्षेत्र में आंशिक सिंचाई सुविधा विकसित की जा चुकी है। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर 19 लाख हे टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का विकास होगा। प्रदेश में पानी के अधिकतम उपयोग के लिये सूक्ष्म दाब सिंचाई पद्धति को बढ़ावा देने के लिये 40 वृहद और 53 मध्यम परियोजनाओं में दबावयुक्त पाइप सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग करते हुए निर्माण किया जा रहा है। जल-संसाधन विभाग के कुशल प्रबंधन से प्रदेश में निर्मित सिंचाई क्षमता का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। जल-संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में खरीफ फसल के लिये 3 लाख हे टेयर, ग्रीष्मकालीन फसल के लिये 83 हजार हे टेयर एवं रबी फसल के लिये निर्धारित लक्ष्य का 34.17 लाख हे टेयर में सिंचाई क्षमता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में हर खेत को पानी उपलब्ध कराने के संकल्प को विभाग द्वारा पूरा किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## साल के आखिरी दिन भव्य तरीके से हुई भगवान महाकाल की भस्म आरती

उज्जैन। साल 2023 के आखिरी दिन पौराणिक ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर (महाकालेश्वर मंदिर) की भव्य भस्म आरती हुई, जिसमें देशभर से आए शिव भक्तों ने भाग लिया. आज यानी 31 दिसंबर को भगवान महाकाल के दरबार में अद्भुत भस्म आरती हुई. महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी ने बताया कि सबसे पहले भगवान महाकाल का पंचामृत से पूजन किया गया. इसके बाद भगवान महाकालेश्वर की विधि-विधान के साथ भस्म आरती हुई, जिसे देखने के लिए विश्वनाथ के भक्त देश भर से आए थे.

वहीं नए साल पर महाकाल दर्शन के लिए खास व्यवस्था की जाएगी. श्रद्धालुओं की अधिक सं या होने पर कार्तिकेय मंडप खाली रखा जाएगा, जहां से चलित भस्म आरती की दर्शन व्यवस्था की जाएगी. महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन पांच आरती होती है. इनमें सबसे पहली आरती सुबह भस्म आरती शिव भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहती है. इसके बाद प्रातः कालीन आरती की जाती है. फिर सुबह 10:30 बजे भोग आरती होती है. शाम को 6:30 बजे संध्याकालीन आरती की जाती है. इसके बाद रात्रि में शयन आरती के साथ मंदिर के पट बंद हो जाते हैं.

## आरएसएस माजुली इकाई द्वारा लुइत सुबनसिरी समावेश

29 दिस बर 2023। ÷हमें अपने राष्ट्र को भारत के युगानुकूल स्वत्व के आधार पर विकसित करना है,÷ पूज्य सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने आज माजुली में गणवेशधारी स्वयंसेवकों के भव्य ÷लुइत सुबनसिरी समावेश÷ में यह बात कही। उन्होंने श्रोताओं से प्रश्न किया कि` या भारत अपनी कड़ी मेहनत से प्राप्त स्वतंत्रता प्राप्त करने के बावजूद उसमें ÷स्व÷ या स्वत्व को बरकरार रखने में सक्षम था? पुनश्च, पूज्य सरसंघचालक जी ने बल दिया कि देशभक्ति और आपस में एकता के बिना, लंबे समय तक चलने वाली स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाएगी।




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गठन के पीछे मु य कारण हमारे समाज को राष्ट्रभक्त, संगठित और ओजस्वी स्वाभिमान से परिपूर्ण बनाने की दिशा में जागृत करना है। हालाँकि, डॉ. भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि हमारा ÷स्व÷ हमारे समय-परीक्षित पारंपरिक ज्ञान और दुनिया भर के सर्वोत्तम ज्ञान द्वारा समर्थित पीढ़ीगत आवश्यकताओं पर आधारित होना चाहिए।

÷आ नो भद्रः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरितसुद्भिदः÷ अर्थात् हमें अपने सहित पूरे विश्व से सर्वोत्तम ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि विगत शताब्दियों में दुनिया को भौतिकवादी आकांक्षाओं पर आधारित दोषपूर्ण मानकों के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा है। हमारा भारतीय मॉडल समाज को सभी पहलुओं में आत्मनिर्भर बनाने का अधिकार देता है।

उन्होंने याद दिलाया कि प्राचीन भारत अपने भौगोलिक भूभाग के कारण हिंदूकुश पर्वत से अराकान तक बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित था;इसलिए हमारे पूर्वजों को आध्यात्मिक, कलात्मक और साथ ही भौतिक रूप से विकास के चरम तक पहुंचने के लिए पर्याप्त शांतिपूर्ण समय दिया गया था। रासायनिक उर्वरकों पर आधारित कृषि विकास की कोई आवश्यकता नहीं थी जिसका दुष्प्रभाव अंततः लोगों पर पड़ता है।

सरसंघचालक जी ने महापुरुष शंकरदेव और लचित बोरफुकन आदि जैसे हमारे गौरवशाली प्रतीकों द्वारा दिखाए गए महान मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि नियमित अ यास के माध्यम से, महान गुण आदत बन जाते हैं।संघ शाखाओं की यही पद्धत्ति है।

वैश्विक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए इस व्यक्तिगत अच्छी आदत को संगठित प्रयास में बदलने की आवश्यकता है। यह संगठित प्रयास एक बड़े परिवार की भाईचारे की भावना से जुड़ा होना चाहिए। महान भारतीय मूल्य हमें ÷दोनों हाथों से कमाना, लेकिन हजार हाथों से योगदान करना÷ सिखाता है। उपनिषद हमें हमारे व्यापक दृष्टिकोण के लिए ÷संयम÷ के साथ-साथ ÷ईसावस्याम इदम सर्वम÷ की सलाह देता है।

भारत के बाहर के लोगों ने इन महान मूल्यों को हिंदुत्व के रूप में मान्यता दी। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने बताया कि पृथ्वी पर अन्य समाज धर्मनिरपेक्षता की बात तो जोर-शोर से करते हैं परंतु भारतवर्ष सदियों से इस पर अमल करता आ रहा है। संघ समाज में कोई अलग समूह बनाकर नहीं बल्कि व्यक्तिगत स्वार्थी वृत्तियों को छोड़कर सभी को एक साथ लाकर पूरे समाज को संगठित करके विश्व कल्याण का साधन मात्र बनना चाहता है।

गणवेशधारी स्वयंसेवकों की शारीरिक प्रदर्शन एवं माजुली के स्थानीय दर्शकों की भागीदारी से यह समावेश संपन्न हुआ। पूज्य सरसंघचालक जी अपनी पहली दो दिवसीय माजुली यात्रा के समापन के बाद विचार-विमर्श के लिए डिब्रूगढ़ के लिए प्रस्थान कर गए।

## मु यमंत्री डॉ यादव के निर्देशानुसार बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की सहायता

भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार गुना जिले में गत दिनों हुई बस दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 50ङ्क 50 हजार रूपए एवं मृतकों के परिजनों को 4ङ्क4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने घटना के तुरंत बाद मृतकों के परिजनों एवं घायलों को सहायता राशि देने के निर्देश दिए थे।। गुना जिले के प्रभारी कले टर श्री प्रथम कौशिक ने शनिवार को अस्पताल पहुँचकर 16 घायल व्यक्तियों से चर्चा की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर घायलों को 50ङ्क 50 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई। प्रभारी कले टर ने दो मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि के चेक प्रदान किये। दुर्घटना के अगले ही दिन रेडक्रॉस के माध्यम से 5 - 5 हजार रूपए की आर्थिक सहायता उपचाररत घायल व्यक्तियों को प्रदान की गई थी।

प्रभारी कले टर श्री कौशिक ने बताया कि 11 मृतक व्यक्तियों के डीएनए रिपोर्ट फोरेंसिक जाँच के लिये ग्वालियर भेजी गई है। फोरेंसिक लैब के प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी की जाँच रिपोर्ट संबंधी कार्यवाही 3 जनवरी तक पूर्ण कर ली जायेगी, इसके लिये 6 वैज्ञानिकों को जि मेदारी सौंपी गई है।

बस दुर्घटना में घायल जिन व्यक्तियों को 50 ङ्क 50 हजार रूपए की सहायता राशि दी गई है, उनमें रितु भील पत्नी विजय भील, निशा ओझा पत्नी अजय, अंकित कुशवाह पुत्र उमराव, सविता ओझा पत्नी सीता राम, सोनू अहिरवार पुत्र मांगीलाल, कांता जाटव पत्नी कालूराम, दीपक सोनी पुत्र ओमप्रकाश, चंद्रपाल यादव पुत्र हरनाम सिंह, विनीता ओझा पत्नी शिवचरण, मोहन सिंह पुत्र भीकम सिंह, करण सिंह पुत्र रामसिंह, श्री राम ओझा पुत्र मदन लाल, सुनील सेहरिया पिता राधेश्याम, गोरा बाई पत्नी रामकिशन अहिरवार, हीरालाल पुत्र मोती बंजारा तथा सोनाली पुत्री सोनू अहिरवार शामिल हैं। इसके साथ ही चिन्हित दो मृत व्यक्ति स्व. मनोहर पुत्र भूरेलाल शर्मा एवं स्व. बीरेन्द्र सिंह यादव पुत्र सीताराम यादव के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की राशि उनके परिजनों के खाते में भेजने की कार्यवाही की गयी है।

## मु यमंत्री डॉ. यादव ने एंबुलेंस- बस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल-बैरसिया रोड पर एंबुलेंस एवं बस के टकराने से हुई दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और मृतकों के परिजनों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मु यमंत्री ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# मध्यप्रदेश में हर जिले में होगी साइबर तहसील, खरगोन से होगा शुभारंभ

**सूचना प्रौद्योगिकी के नवाचारी उपयोग से राजस्व प्रशासन की गुणवत्ता सुधारने की अनूठी पहल**

**मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साइबर तहसील परियोजना से जुडी राजस्व विभाग की टीम को दी बधाई**

**राजस्व प्रशासन सुधार की ऐतिहासिक पहल- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

भोपाल । मध्यप्रदेश के राजस्व प्रशासनसुधार में साइबर तहसील व्यवस्था से नागरिकों के हित में अभूतपूर्व परिवर्तन होने जा रहा है। इसकी शुरुआत खरगोन जिले से होगी। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार साइबर तहसील की व्यवस्था अब जिलों में एक जनवरी 2024 से लागू हो रही है।

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार अब प्रदेश में राजस्व प्रकरणों का निराकरण अत्यंत कम समय में हो जाएगा। भू-अभिलेखों में अमल के बाद सभी भू-अभिलेखों एवं आदेशों की सत्यापित प्रतिलिपि स बंधित पक्षकार को मिल सकेगी। अब अनावश्यक रूप से लंबित रहने वाले प्रकरणों का कम से कम समय में गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो सकेगा। साइबर तहसीलों में औसत 15 से 17 दिनों का समय लग रहा है, जो पुरानी मैन्युअल प्रक्रिया में लगने वाले 60 दिनों की तुलना में बेहद कम है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

प्रदेश में हर साल नामांतरण के लगभग 14 लाख प्रकरण पंजीबद्ध होते हैं। इनमें से विक्रय विलेखों के निष्पादन के बाद नामांतरण के लिए दर्ज होने वाले प्रकरणों की सं या 8 लाख होती है। इसमें संपूर्ण खसरा के क्रय-विक्रय से संबंधित लगभग 2 लाख अविवादित नामांतरण प्रकरण पंजीबद्ध किये जाते हैं।

इस प्रकार के प्रकरणों में 15 दिन की समय-सीमा में बिना आवेदन दिए, पेपरलेस, फ़ेसलेस, ऑनलाइन नामांतरण और भू अभिलेखों को अपडेट करने के लिए साइबर तहसील स्थापित की गयी है।

इस प्रकार खसरा के क्रय-विक्रय से संबंधित 2 लाख नामांतरण प्रकरणों का निराकरण साइबर तहसीलों से किया जा सकता है। इस प्रकार के प्रकरणों में त्वरित निराकरण के अलावा भू-अभिलेख फौरन अपडेट होगा। क्षेत्रीय तहसील स्तर पर अविवादित प्रकरणों के निराकरण का भार कम होगा।

साइबर तहसील की व्यवस्था के लिए राजस्व विभाग द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन कर धारा 13-क में साइबर तहसील स्थापना के प्रावधान किए गए हैं। साइबर तहसील परियोजना फिलहाल 12 जिलों - सीहोर, दतिया, इंदौर, सागर, डिण्डौरी, हरदा, ग्वालियर, आगर-मालवा, श्योपुर, बैतूल, विदिशा एवं उमरिया में चल रही है।

## साइबर तहसील के लाभ

**-रजिस्ट्री के बाद बिना आवेदन किये नामांतरण का प्रकरण दर्ज हो जाता है।**

**-इस प्रक्रिया में क्रेता और विक्रेता को नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय में उपस्थित होने या पेशी पर आने की जरूरत ही नहीं होती।**

**-संपूर्ण प्रक्रिया फेसलेस एवं पेपरलेस है।**

**-संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी है। इसमें कोई भी मानवीय हस्तक्षेप नहीं है।**

**-क्रेता-विक्रेता तथा ग्राम के सभी निवासियों को नोटिस एसएमएस से मिलता है। नोटिस ऋष्टस्न्- पोर्टल पर भी पर भी दिखता है।**

**-ऑनलाइन आपत्ति दर्ज की जा सकती है।**

**-अंतिम आदेश की कॉपी ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदक को मिलेगी।**

**-आदेश पारित होते ही भू-अभिलेखों (खसरे/ नक़्शे) में स्वतः सुधार हो जाता है।**

**-आदेश एवं राजस्व अभिलेखों में अमल की प्रक्रिया सरकारी छुट्टियों को छोड़कर 15 दिनों में पूरी हो जाएगी।**

**-इस व्यवस्था ने क्षेत्राधिकार की सीमाओं को भी समाप्त कर दिया है।**

**-इस प्रणाली से रियल टाइम में भू-अभिलेख अपडेट किए जाने की अनूठी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे पटवारी का हस्तक्षेप भी नहीं रहेगा।**

**-पटवारी रिपोर्ट ऑनलाइन जमा कराने की सुविधा है।**

**-कम से कम समय में निराकरण होगा। पहले इन प्रक्रियाओं में औसत 60 दिन लग जाते थे। साइबर तहसील में औसत 15 दिनों में ही यह प्रक्रिया पूरी हो जायेगी।**

**-साइबर तहसील द्वारा पारित आदेश की पीडीएफ प्रति आवेदक को ईमेल/व्हाट्सएप से मिल जाएगी। इसकी प्रति RCMS पोर्टल पर भी अपलोड होगी।**

**कैसे होगा काम?**

साइबर तहसील में पंजीयन से नामांतरण तक की सभी प्रकिया लागू कर दी गई हैं। साइबर तहसील को 4 अलग-अलग प्लेटफार्मों जैसे संपदा पोर्टल, भूलेख पोर्टल, स्मार्ट एप्लीकेशन फार रेवेन्यू एप्लीकेशन (ह्रक्र) पोर्टल और रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम (ऋष्टस्न्) पोर्टल से जोड़ दिया गया है।

सायबर तहसील में ऐसे सभी प्रकरणों का निराकरण होगा जो संपूर्ण खसरा से संबंधित हो। जिसे विभाजित नहीं किया गया एवं ऐसी जमीन, जो किसी प्रकार से गिरवी या बंधक न रखी गई हो।

पोर्टल पर पंजीयन करने और रजिस्ट्री के बाद रेवेन्यू पोर्टल पर स्वत- केस दर्ज हो जाएगा।

इसके बाद सायबर तहसीलदार द्वारा जाँच की जाएगी। सूचना के बाद इश्तेहार एवं पटवारी रिपोर्ट के लिए मेमो जारी किया जाएगा। इसके बाद आदेश पारित कर भू-अभिलेख को अपडेट किया जाएगा।

दस दिन बाद दावा-आपत्ति प्राप्त नही होने पर ई-मेल एवं वाट्सअप से आदेश दिए जयेंगे। रजिस्ट्रार कार्यालय में विक्रय-पत्र (रजिस्ट्री) निष्पादन के दौरान आवेदक को आवश्यक प्रकिया शुल्क एवं निर्धारित प्रारूप में सामान्य जानकारी देनी होगी।

ऐसे पंजीयन जिसमें संपूर्ण खसरा नंबर या संपूर्ण प्लॉट समाहित है और किसी भी खसरा या प्लॉट का कोई विभाजन नहीं है, तब ऐसे प्रकरण में पंजीकृत विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) का स्वचालित प्रक्रिया के माध्यम से ऋष्टस्न् पोर्टल पर साइबर तहसील को भेज दिया जाता है।

साइबर तहसीलदार पंजीकृत दस्तावेज की राजस्व भू-अभिलेख से मिलान कर क्रेता, विक्रेता और स बंधित ग्राम के सभी निवासियों को स्स्- के माध्यम से नोटिस जारी करता है। इस नोटिस में आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए लिंक भी होता है। साथ ही एक सार्वजनिक इश्तेहार तहसील के बोर्ड पर भी लगा रहता है। एक ऑनलाइन मेमो पटवारी प्रतिवेदन के लिए भी जारी होता है।

**अनूठी प्रक्रिया**

दस दिन में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर और पटवारी के मेमो में भी कोई आपत्ति नहीं होने पर साइबर तहसीलदार द्वारा प्रकरण में नामांतरण आदेश पारित कर अभिलेखों को अपडेट कर दिया जाता है।

निराकरण/ आदेश पारित किए जाने पर संबंधित को एसएमएस से सूचना दी जाती है और ई-मेल के माध्यम से पारित आदेश की सत्यापित प्रति भेजी जाती है।

साइबर तहसील में पदस्थ किए गए नायब तहसीलदारों को प्रोसेस मॉड्यूल एवं नियमों का गहन प्रशिक्षण दिया गया है। ज़िला पंजीयक / उप पंजीयक को भी प्रशिक्षण दिया गया है।

**कौन से प्रकरण निराकृत होंगे?**

साइबर तहसील में ऐसे मामलों का निराकरण (नामांतरण) किया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण खसरा नंबर या संपूर्ण प्लॉट समाहित है और किसी भी खसरा या प्लॉट का कोई विभाजन नहीं है।

**17000 से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण**

अब तक साइबर तहसील के 12 पायलेट ज़िलों की तहसीलों में 17,474 में से 17,152 प्रकरणों में अंतिम आदेश पारित कर, स्वचालित प्रक्रिया से भू-अभिलेखों में शत-प्रतिशत अमल हो चुका है। ई-मेल एवं वाट्सअप से अंतिम आदेशों की सत्यापित प्रतियां आवेदकों को भेज दी गई हैं। साइबर तहसीलों में औसत 15 से 17 दिनों का समय लग रहा है, जो पुरानी मैन्युअल प्रक्रिया में लगने वाले समय की तुलना में बेहद कम है।

**तहसीलदार / नायब तहसीलदार के सेट-अप को पुनरीक्षित किया जाएगा**

प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय में स्थापित साइबर तहसील में 15 तहसीलदारों / नायब तहसीलदारों की आवश्यकता होगी। वर्तमान में 7 तहसीलदारों को संलग्न कर साइबर तहसील की व्यवस्था 12 जिलों में लागू है।

पूरे प्रदेश में अतिरिक्त रूप से तहसीलदारों / नायब तहसीलदारों को संलग्न कर ये व्यवस्था तत्काल लागू की जा रही है। जल्दी ही तहसीलदारों / नायब तहसीलदारों के सेट-अप पुनरीक्षित करने के लिए प्रस्ताव लाया जायेगा। साइबर तहसील में 15 तहसीलदारों / नायब तहसीलदारों के पदों के सृजन का प्रस्ताव भी शामिल होगा

## भोपाल में एक ही परिवार के 3 कोरोना पॉजिटिव मिले, एऐ टव केस की सं या 13 पहुंची

भोपाल। मध्य प्रदेश में कोरोना की र तार धीरे धीरे बढ़ रही हैं। राजधानी भोपाल में शनिवार को 76 लोगों की जांच में तीन कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले। इसके साथ ही एऐ टव केसों की सं या बढ़कर 13 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार तीनों ही संक्रमित मरीज एक ही परिवार की है। तीनों को ही वै सीन लग चुकी है। उनमें कोई लक्षण नहीं है। सभी को होम आईसोलेशन में रखा गया है। भोपाल में अभी एऐ टव केसों में 11 मरीज होम आईसोलेशन और दो मरीज अस्पताल में भर्ती है। वहीं, दिसंबर 2023 में शहर में कुल 14 मरीज मरीज मिल चुके है। इसमें से एक मरीज डिस्चार्ज हुआ है। स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने का सुझाव दे रहा है।

## जोबट से रेस् यू कर वन विहार उपचार के लिये लाये नर तेंदुआ शावक की मृत्यु



भोपाल। सामान्य वनमंडल अलीराजपुर के जोबट परिक्षेत्र के ग्राम छोटा उण्डवा से रेस् यू कर एक नर तेन्दुआ शावक को अलीराजपुर डिपो परिसर में रखा गया था। शावक की अत्यंत कमजोर स्थिति को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार शावक को 23 अगस्त को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में उपचार के लिये लाया गया था। तेंदुआ शावक को क्वारेन्टाईन बाड़े में रखकर उसका समुचित उपचार एवं देखभाल की गई। क्वारेन्टाईन अवधि पूरी होने के बाद इस शावक को स्वस्थ हालत में तेंदुआ हाउसिंग में स्थानांतरित कर दिया गया था। दिनांक 28 एवं 29 दिस बर 2023 की दर यानी रात में इस तेंदुआ शावक की मृत्यु हो गई। शव का पोस्टमार्टम वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता एवं वन्यप्राणी चिकित्सक, वाईल्ड लाईफ एस.ओ.एस. डॉ. रजत कुलकर्णी ने संयुक्त रूप से किया। तेंदुआ शावक की मृत्यु का कारण निमोनिया होना पाया गया। तेंदुआ शावक के शव का सेपल एकत्रित कर परीक्षण के लिये स्कूल आफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक हैल्थ जबलपुर भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद तेंदुआ शावक के शव का वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन विहार के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया।

## मु यमंत्री डॉ. यादव करेंगे 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

### 3 जनवरी से होगा शुरू, 400 खिलाड़ी होंगे शामिल

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में होने वाले 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर उप मु यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा और श्री राजेन्द्र शु ला भी मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट 3 जनवरी से ओल्ड कैंपियन मैदान पर होगा। इसमें प्रदेश के मीडिया से जुड़े 400 से ज्यादा खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। यह टूर्नामेंट तीन ग्रुपों में खेला जाएगा। इच्छुक टीमें 2 जनवरी तक अपनी एंट्री दे सकती हैं। दो जनवरी को ही ड्रा निकाला जाएगा। ड्रा निकालने के बाद टूर्नामेंट में अन्य टीमों को मौका नहीं मिलेगा। टूर्नामेंट से संबंधित सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी टी-20 फार्मेट में ही होगा। टूर्नामेंट के लगभग 90 प्रतिशत मैच ओल्ड कैंपियन पर ही होंगे। सभी टीमों को आरएनटीयू या फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर भी एक-एक मैच खेलने का मौका मिलेगा।

टूर्नामेंट का शुभारंभ इंदौर मीडिया और भोपाल मीडिया इलेवन के बीच मैत्री मैच से होगा। टूर्नामेंट की विजेता टीम को हर साल की तरह एक लाख रुपए और उपविजेता को 50 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जायेगा।

## राम मंदिर अक्षत कलश यात्रा में उप मु यमंत्री शु ल हुए शामिल



भोपाल । उप मु यमंत्री श्री राजेन्द्र शु ल रीवा में श्री राम मंदिर कलश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने पवित्र नदियों के जल के कलश को शिरोधार्य कर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री शु ल ने कहा कि सदियों बाद भगवान, राम जन्मभूमि मंदिर पर विराजमान होंगे। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयासों से मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो सका है। भगवान श्रीराम के जन्म स्थान पर मंदिर का निर्माण और भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा देश का गौरव बढ़ाएगी। हम सबको श्रीराम जन्मभूमि में भगवान श्रीराम के दर्शन का सुअवसर मिलेगा। भगवान श्रीराम मंदिर के लिए रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 22, वार्ड क्रमांक 23 और वार्ड क्रमांक 24 में कलश यात्रा निकाली गई। जनप्रतिनिधिगण तथा श्रीराम मंदिर अक्षत कलश यात्रा के सहभागी यात्रा एवं बड़ी सं या में आमजन उपस्थित रहे।

## उन्नत गोपद पुल में 15 फरवरी तक आवागमन शुरू कराएं-उप मु यमंत्री शु ल

### उप मु यमंत्री श्री शु ल ने निर्माणाधीन सीधी-सिंगरौली हाईवे का किया निरीक्षण



भोपाल । उप मु यमंत्री श्री राजेन्द्र शु ल ने शनिवार को निर्माणाधीन सीधी-सिंगरौली हाईवे का निरीक्षण किया। उप मु यमंत्री ने कहा कि सीधी-सिंगरौली हाईवे इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। हाईवे पर निर्मित गोपद पुल का निरीक्षण करते हुए उप मु यमंत्री ने निर्देश दिये कि सीधी की ओर लगभग 280 मीटर तथा सिंगरौली की ओर 100 मीटर पुल की एप्रोच रोड का कार्य एक माह में पूर्ण कर उन्नत गोपद पुल में 15 फरवरी से आवागमन शुरू करायें। शेष हाईवे का निर्माण भी वर्षा के पहले शुरू कराने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सीधी से सिंगरौली सड़क निर्माण कार्य की हर माह समीक्षा की जाएगी।

उप मु यमंत्री श्री शु ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग और हवाई मार्ग महत्वपूर्ण घटक हैं। इस दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इसका लाभ विन्ध्य क्षेत्र को भी मिला है। रीवा में उड़ान योजना से एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, मार्च से हवाई सेवा भी शुरू हो जाएगी। रीवा और सीधी हाईवे में विश्वस्तरीय टनल का निर्माण किया गया है। इस कड़ी में ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन और सीधी-सिंगरौली हाईवे भी शामिल है जिनमें तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन महत्वपूर्ण कार्यों पूरे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश के विकसित राज्यों में शामिल होगा।

**क्षतिग्रस्त जोगदहा पुल मर मत कार्य 30 जून तक पूरा करें**

उप मु यमंत्री श्री शु ल को जनता ने सोन नदी के जोगदहा पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी। उप मु यमंत्री ने अधिकारियों को जोगदहा पुल की मर मत का कार्य 30 जून तक पूरा कराने के निर्देश दिए।

उप मु यमंत्री ने सिहावल नवनिर्वाचित विधायक श्री विश्वामित्र पाठक के निज निवास देवसर में जाकर सौजन्य भेंट की। उप मु यमंत्री को श्री पाठक ने क्षेत्र के विकास गतिविधियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों से अवगत कराया।

## पूर्व डिप्टी कले टर को मौत के बाद मिली भ्रष्टाचार की सजा, रिश्तेदारों की संपत्ति होगी जब्त

**पूर्व डिप्टी कले टर हुकुमचंद सोनी के यहां शाजापुर में पदस्थ रहते हुए 2011 में लोकायुक्त का छापा पड़ा था।**

**हुकुमचंद सोनी की सरकारी सेवा में पहली नियुक्ति 19 नवंबर 1975 को नि न श्रेणी लिपिक के रूप तराना में हुई थी।**

**छापे के दौरान सोनी की ज्ञात एवं वैध आय से असमानुपातिक संपत्ति (356.96 प्रतिशत) अधिक पाई गई थी।**



इदौर। शाजापुर के तत्कालीन डिप्टी कले टर हुकुमचंद सोनी, उनकी पत्नी, बेटियों और समधन की 1.28 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति राजसात होगी। इंदौर की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को यह आदेश दिया। मामला भ्रष्टाचार कर आय से अधिक संपत्ति हासिल करने का है। लोकायुक्त ने सोनी के खिलाफ 2011 में केस दर्ज किया था। खास बात यह है कि पूर्व डिप्टी कले टर का निधन हो चुका है।

कोर्ट ने इस मामले में कहा कि भ्रष्टाचार समाज और परिवार के लिए खतरनाक है। यह भ्रष्ट आचरण प्रभावित व्यक्ति के जीवन पर्यंत और मृत्यु के बाद भी उसके कार्यों से दिखाई देता है। ऐसा कृत्य निंदनीय होकर उदारता के योग्य नहीं होता है। जैसे मछली पानी में रहते हुए कब पानी पीती है या नहीं पीती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उसी प्रकार सरकारी सेवक सेवा के दौरान कब अपने पद का दुरूपयोग कर सकता है या नहीं इसका अंदाजा लगाना भी कठिन होता है।

लोक अभियोजक पद्मा जैन ने बताया कि लोकायुक्त संगठन उज्जैन 2011 में डिप्टी कले टर हुकुमचंद सोनी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था जो विचाराधीन है। इसमें सोनी द्वारा अर्जित 1.77 करोड़ रु. की राशि मध्यप्रदेश शासन के पक्ष में करने के लिए एक आवेदन पत्र धारा 13(1) के तहत स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। इस शिकायत का उज्जैन डीएसपी ओपी सागोरिया द्वारा सत्यापन कराया तो मामला सही पाया। इसमें पाया गया कि हुकुमचंद सोनी द्वारा अपने अधिकारों का अवैध लाभ अर्जित कर पत्नी व बेटियों के नाम पर मकान, प्लॉट, वाहन आदि खरीदकर लगातार भ्रष्टाचार किया गया। इस तरह अपने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक की संपत्ति एकत्र की गई। अब आदेश के बाद तत्कालीन डिप्टी कले टर हुकुमचंद सोनी (64), उनकी पत्नी सुषमा, बेटी अंजलि, सोनालिका, प्रीति, सरिता, प्रमिला (मृत) और रेखा वर्मा पति भरत कुमार वर्मा (सोनालिका की सास) और दामाद अजय वर्मा की संपत्ति राजसात की जानी है।

**एलडीसी से डिप्टी कले टर तक का सफर**


हुकुमचंद सोनी की सरकारी सेवा में पहली नियुक्ति 19 नवंबर 1975 को नि न श्रेणी लिपिक (एलडीसी) के रूप में तराना में हुई थी। सोनी जिला उज्जैन के विभिन्न स्थानों में पदस्थ रहा और विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पदोन्नति पाते हुए नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं डिप्टी कले टर तक पहुंच गया। 2011 में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त ने छापा मारा। इसमें ज्ञात एवं वैध आय से असमानुपातिक संपत्ति (356.96 प्रतिशत) अधिक पाई गई। लोकायुक्त ने कोर्ट में कहा कि अपने अधिकारों का अवैध लाभ अर्जित कर सोनी ने स्वयं की पत्नी व पुत्रियों के नाम पर मकान, प्लाट, वाहन आदि अर्जित किए। न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य पर विश्वास कर अधिहरण का आदेश पारित किया।

## मलेरिया को खत्म करने यूरोप से आई मच्छरदानियां

भोपाल। प्रदेश से मलेरिया को पूरी तरह खत्म करने के लिए अब वेटिकन सिटी की विशेष मच्छरदानियों का उपयोग किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक केन्द्र सरकार ने प्रदेश को करीब एक करोड़ (96 लाख) मच्छरदानियां दी हैं। इन्हें नए साल से मलेरिया के प्रकोप वाले इलाकों में वितरित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक वेटिकन सिटी ने केन्द्र सरकार को यह मच्छरदानियां दी हैं। भोपाल में भी करीब 1.5 लाख मच्छरदानियां बांटी जानी है। मालूम हो कि इस साल प्रदेश में मलेरिया के ढाई हजार मामले सामने आए हैं। केन्द्र सरकार 2030 तक मलेरिया को पूरी तरह खत्म करना चाहता है। जानकारी के मुताबिक विशेष रूप से निर्मित यह मच्छरदानी पूरी तरह मेडिकेटेड हैं, इसमें डेल्टा मैथरीन दवा का उपयोग किया गया है। 20 धुलाई तक दवा का असर मच्छरदानी में रहता है वहीं पांच साल तक इसका उपयोग किया जा सकता है।

**मच्छरदानी की कीमत 200 रुपए**

इन्हें एक जनवरी से बांटा जाएगा। एक मच्छरदानी की कीमत 200 सौ रुपए है। इस तरह 96 लाख मच्छरदानियों के लिए करीब करीब दो अरब रुपए है। मच्छरदानी को मेडिकेट करने के लिए डेल्टा मेथ्रिल सेल्यूशन 2. 5 रसायन के घोल में डुबोना होता है। इससे एक पांच साल तक मच्छर मच्छरदानी के आसपास भी नहीं फटकते। यह रसायन बाजार में भी मिलता है।



**तीन साइज में मच्छरदानी**

मेडिकेटेड मच्छरदानियां तीन साइज की हैं, साइज एक एक व्यक्ति के लिए, साइज दो-दो व्यक्तियों के लिए व साइज तीन में तीन से अधिक लोग सो सकते हैं। 2019 में भी प्रदेश में 62 लाख मच्छरदानियां बांटी गई थीं। स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरे टर डॉ. हिमांशु जयसवार ने बताया कि जहां मलेरिया व डेंगू के रोगी मिल चुके है वहां मच्छरदानी देने में प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं गर्भवती व पांच साल के छोटे बच्चों को भी प्राथमिकता देंगे। स्वास्थ्य विभाग सर्वे कर रहा है। वितरण के लिए आशा कार्यकर्ता को जि मेदारी दी गई है।

**भोपाल में 150 मरीज**

मच्छरदानियों को बांटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक का उपयोग किया जाएगा। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 1000 लोगों पर एक मरीज वाले इलाके में ही मच्छरदानियां दी जानी है। भोपाल जिले इस साल मलेरिया के महज 150 मामले ही सामने आए हैं।

# प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार योजनाओं से लाभान्वित करने अब तक का सबसे बड़ा अभियान - मंगुभाई पटेल

**राज्यपाल ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा में दिलाई शपथ**

मंडला यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोहगांव विकासखंड के ग्राम रयगांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई है। यात्रा के माध्यम से ग्राम स्तर तक शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणजनों को योजनाओं की जानकारियां प्रदान करते हुए उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित किया जा रहा है। वंचित व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अब तक का यह सबसे बड़ा अभियान है। कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केबीनेट मंत्री म.प्र. शासन संपतिया उईके, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जनपद अध्यक्ष गतसिंह भवेदी, जिला पंचायत सदस्य शिव पूसाम, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सरकार ने सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का संचालन किया है। आमजन योजनाओं को समझें और पात्रतानुसार उनका लाभ उठाते हुए विकास की मु य धारा से जुड़ें। सभी वर्ग के लोग आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होने अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन में आए परिवर्तन के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।




**सिकलसेल उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकलसेल एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसका समय पर उपचार नहीं होने पर गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। जनजातीय समुदाय में सिलकसेल मरीजों की सं या अधिक है जिस पर नियंत्रण के लिए स मिलित प्रयासों की आवश्यकता है। सरकार इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए 2047 तक देश को सिकलसेल से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पवित्र लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार के साथ समाज की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सिकलसेल से बचाव के संबंध में प्रत्येक परिवार की काउंसलिंग आवश्यक है। महामहिम ने अपने संबोधन में सिकलसेल की पहचान, सावधानियां, काउंसलिंग, उपचार आदि के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। महामहिम राज्यपाल ने कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई गई।

**प्रत्येक महिला को लखपति बनाना है - श्री कुलस्ते**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रत्येक परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक गतिविधि से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक महिला को लखपति बनाने की दिशा पर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री आवास, पात्रता पर्ची, आयुष्मान भारत, लाड़ली बहना, नलजल योजना, हर घर बिजली, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान स मान निधि सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक परिवार को विकास की मु य धारा से जोड़ा जा रहा है। श्री कुलस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट बनाने का संकल्प लिया है जिसे पूरा करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है।

**जीवन में परिवर्तन ला रही सरकार - श्रीमती उईके**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रयगांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबीनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि सरकार छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे योजनाओं को समझें तथा पात्रतानुसार उनका लाभ उठाएं।

**हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव**

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। फूलेश्वरी भवेदी ने बताया कि पहले वह जंगल से लकड़ी लाकर चूल्हे में खाना बनाती थी जिससे उसे अधिक समय लगता था तथा स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता था। उज्वला योजना के तहत उसे गैस कने शन प्राप्त हुआ जिससे वह कम समय में खाना बना लेती है, अब उसे लकड़ी के लिए जंगल नहीं जाना पड़ता। चंदवारा निवासी सेलकुमार पंचेश्वर ने बताया कि पहले वह रासायनिक खेती करता था जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो गई थी तथा लाभ भी कम होता था। कृषि विभाग के माध्यम से जमीन का उपचार कराकर उसने प्राकृतिक तथा मल्टीलेयर खेती प्रारंभ की है जिसमें उसकी लागत कम है तथा मुनाफा अधिक हो रहा है। उसने उपस्थित कृषकों से भी प्राकृतिक खेती को भी अपनाने का आव्हान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॅाल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॅाल में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## आलू से भरा ट्रक पलडा

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के लखनादौन विकास खंड अंतर्गत कुसुंड़ो घाट के पास आज सुबह बेकाबू होकर आलू से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में ड्राइवर, कंडे टर घायल हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने आदेगांव पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नरसिंहपुर की ओर से ट्रक लखनादौन आ रहा था। जहां रास्ते मे घने कोहरे के कारण बेकाबू होकर पलट गया। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगों और वाहनों का आना-जाना अधिक होता है। यदि दुर्घटना के समय पीछे से कोई वाहन आ रहा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है, और घायलों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## राज्यपाल पटेल ने किया बैगा परिवार के साथ भोजन



मंडला यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोहगांव विकासखंड के रयगांव में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने श्री दशरथ भारतीया बैगा के घर जाकर भोजन किया। इस दौरान केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, म.प्र. शासन की केबीनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा आदि उपस्थित रहे। राज्यपाल ने श्री दशरथ भारतीया से आत्मीय चर्चा करते हुए शासन की योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। श्री दशरथ भारतीया ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, पीएम किसान, आहार अनुदान, पात्रता पर्ची सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत करने का प्रयास वंदनीय - मंगुभाई पटेल

### सरस्वती शिशु मंदिर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए महामहिम राज्यपाल

मंडला यशोः- महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सरस्वती शिशु मंदिर मंडला के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में देश में सराहनीय कार्य हो रहे हैं। बेहतर शिक्षा के माध्यम से देश तकनीकि, कृषि, रोजगार, जीवन कौशल आदि हर क्षेत्र में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने राष्ट निर्माण में विद्याभारती के योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने सिकिल सेल उन्मूलन में संस्था से सहभागिता का आव्हान किया। श्री पटेल ने इस अवसर पर विद्यालय की स्वर्ण विहार पत्रिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, विद्याभारती के क्षेत्र सह संगठन मंत्री आनंद पारधी, विनायक राव ता बे सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



राज्यपाल श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्टवादी विचारधाराओं में चलने वाली प्रमुख संस्थाओं में सरस्वती शिशु मंदिर का नाम स मिलित है। विद्यार्थियों में शिक्षा और संस्कारों के साथ-साथ राष्टीयता की भावना जाग्रत करने का प्रयास वंदनीय है। संस्था के माध्यम से 20 हजार से अधिक बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न पदों पर आसीन होकर देश की सेवा कर रहे हैं, जो गौरव की बात है। महामहिम राज्यपाल ने सिकिल सेल बीमारी पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि शादी के पूर्व जन्मकुंडली मिलान की तरह सिकिल सेल जांच ज़रूर करे ताकि भविष्य में बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी ना आये।

इस अवसर पर केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश पहला राज्य है जहां पर हिन्दी भाषा में चिकित्सा शिक्षा की पढ़ाई कराई जा रही है। मध्यप्रदेश शासन की केबीनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसी संस्था है जहां पर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्टीय तथा अंतर्राष्टीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन किया है। इससे पूर्व विद्यालय के व्यवस्थापक राजेश ज्योतिषी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा विद्याभारती के क्षेत्रीय सहसंगठन मंत्री आनंद पारधी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## रमेश राय बने टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के सदस्य



सिवनी यशोः- भारत सरकार के संचार मंत्रालय द्वारा कांहीवाडा निवासी उत्साही भाजपा नेता श्री रमेश राय को जबलपुर मंडल स्तरीय दूरभाष सलाहकार समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। विभाग के एस ओ पी एच पी श्री दिनेश चंद्र द्वारा बी एस एन एल / एम टी एन एल के एम डी को संबोधित पत्र दिनाँक 12 दिसंबर 2023 की प्रतिलिपि श्री राय को प्राप्त हुई है जिसमें उक्त नियुक्ति का उल्लेख किया गया है। ज्ञातव्य है कि श्री रमेश राय सिवनी ज़िले की केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांहीवाड़ा के सक्रिय भाजपा नेता हैं जो कि मंडल अध्यक्ष पद का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं तथा वर्तमान में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के ज़िला मंत्री तथा भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य हैं। केवलारी विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक श्री राकेश पाल सिंह के सिवनी जनपद में विधायक प्रतिनिधि रह चुके हैं तथा केवलारी विधानसभा जो कि मंडला लोकसभा क्षेत्र का अंग है जहां के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते हैं और श्री कुलस्ते का अगाध विश्वास और स्नेह सदैव श्री राय के साथ रहा है इस तथ्य से समूचा क्षेत्र परिचित है। श्री राय की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित उनके मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## शास. कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को मु त फोटोकापी मिलेगी

बालाघाट । नववर्ष पर नगर की समाज सेवी संस्थान सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिले की एक मात्र कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत् आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए यह सुविधा प्रारंभ करने जा रही है। संस्था की श्रीमति नूतन ताम्रकार ने बताया कि कन्या महाविद्यालय बालाघाट की छात्राओं को प्रत्येक सत्र में लगभग 50 फोटोकॉपी अर्थात जेरॉ स विभिन्न आवेदनपत्रों के साथ जमा करना होती है। अब यह फोटोकॉपी निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। इसके लिए फोटोकॉपी कार्ड जारी किया जावेगा जिसमें एंट्री करवाकर छात्राऐं निःशुल्क फोटोकॉपी करवा सकेगी। वर्तमान में यह सुविधा महाविद्यालय के समीप स्थित सर्च इन्फोटेक मोतीतालाब रोड मोतीनगर बालाघाट के माध्यम से दी जावेगी यहां से छात्राऐं निःशुल्क फोटोकॉपी लिए 1 से 10 जनवरी 2024 तक कार्ड प्राप्त सकती है। सर्वप्रथम 500 छात्राओं को कार्ड जारी किये जायेगे जिससे निःशुल्क फोटोकॉपी से लगभग पचास हजार रूपये की अप्रत्यक्ष आर्थिक सहायता अध्ययनरत् छात्राओं को मिलेगी।

## स्वास्थ्य विभाग की एडवायजरी

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दिसंबर से फरवरी के महीने में शीत लहर का अधिक प्रभाव रहता है। शीत लहर, बारिश, कोहरा आदि द्वारा प्रभावित करने वाले मौसम संबंधी खतरों के रूप में उभर रहे हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक तापमान में विभिन्न मौसमों के दौरान काफी भिन्नताएं सामने आ रही हैं और उसका प्रभाव पर्यावरण, स्वास्थ्य, कृषि, पशुधन, आजीविका, सामाजिक अर्थव्यवस्था और अन्य संबध्द क्षेत्रों पर विपरीत पड़ता है। शीत ऋतु में वातावरण का तापमान कम होने (शीत लहर) के कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरीत प्रभाव जैसे सर्दी जुखाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाइपोथर्मिया अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बन जाती है। यदि समय पर नियंत्रण न किया जाए तो, उस स्थिति में मृत्यु भी हो सकती है। इन प्रभावों से बचाव हेतु शरीर को सूखा रखें। शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, नाक, कान, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढकें। टोपी, मफलर तथा आवरण युक्त एवं जल रोधी जूतों का प्रयोग करें। सिर को ढकें ` योंकि सिर के ऊपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है। यथासंभव घर के अंदर रहें और ठंडी हवा बारिश से संपर्क को रोकने के लिए अनिवार्य होने पर ही यात्रा करें। रोग प्रतिरोध क्षमता में वृद्धि के लिए विटामिन सी से भरपूर ताजे फल और सब्जियाँ खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पिएं, जिसमें शरीर में गर्मी बनी रहेगी। बुजुर्ग नवजात शिशु गर्भवती माताऐं बीमार व्यक्ति तथा बच्चों का अधिक ध्यान रखें योंकि उन्हें शीत ऋतु के प्रभाव होने की आशंका अधिक रहती है।

# पीएम जनमन अभियान से भारिया परिवारों की छोटी-बड़ी सभी बसाहटेंलाभान्वित हो सकें, ऐसी बनाएं कार्ययोजना-कले टर

## पक्का आवास, पानी, बिजली सबसे पहली प्राथमिकता भारिया आदिवासियों की हर बसाहट तक पहुंचे पक्की सड़क

छिन्दवाडा । जनजातियों के विकास के लिए संकल्पित भारत सरकार द्वारा जनजातियों (पी.वी.टी.जी.)के जीवन में सुधार के लिए 11 महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाओं पर केंद्रित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले में भारिया आदिवासियों को लाभान्वित किया जायेगा जिसके लिए जिले में कले टर श्री मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में पीएम जनमन अभियान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगातार आईईसी गतिविधियां की जा रही हैं। साथ ही भारिया परिवारों के घर-घर जाकर उनकी जरूरतों और शासन की योजनाओं का लाभ मिलने व नहीं मिलने के संबंध में सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और इसके उपरांत भारिया बसाहटों को आवास, बिजली, पानी सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं और शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल सके, इसके लिए प्रस्ताव बनाने का कार्य संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है। इन प्रस्तावों को ब्लॉक स्तरीय समिति से अनुमोदन के उपरांत जिला स्तरीय समिति के समक्ष रखा जाना है, जिसके बाद ये प्रस्ताव शासन को स्वीकृति के लिए भेजे जायेंगे। यह कार्य तीव्र गति से पूर्ण हो, इसके लिए कले टर श्री पुष्प ने आज कले ट्रेट सभाकक्ष में सभी संबंधित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कले टर सहित सभी जिला मु यालय के अधिकारी कले ट्रेट सभाकक्ष से जबकि सभी एसडीएम, सीईओ जनपद और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए।



बैठक में पीएम जनमन अभियान की आई.ई.सी. गतिविधियों, योजना के अंतर्गत सर्वे की प्रगति, प्राप्त प्रस्तावों पर ब्लॉक स्तरीय समिति से अनुमोदन की स्थिति, विभागीय योजनाओं में भारिया जनजाति के छूटे हुए एवं लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी, सैचुरेशन करने हेतु कार्ययोजना, आधार कैंप, सिकल सेल कैंप आदि की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। कले टर श्री पुष्प ने कहा कि यह अभियान हम सभी के लिए एक सुअवसर है, जब हम हमारे जिले के प्रिमिटिव ट्राइब भारिया के उत्थान और उनके विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य कर सकते हैं। पीएम जनमन अभियान में भारिया आदिवासियों को पक्का आवास, बिजली, पानी की सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। छोटी-बड़ी सभी बसाहटों के हर भारिया परिवार और उनका हर घर इससे लाभान्वित हो सके, अधोसंरचना संबंधी कार्यों के प्रस्ताव इस बात हो ध्यान में रखते हुए तैयार करें। किसी भी क्षेत्र के विकास में सड़कों की कर्नो टविटी अहम भूमिका निभाती है। पक्की सड़कों से किसी बसाहट का जुड़ाव होने से अन्य सुविधाएं भी वहां आसानी से सुलभ होने लगती है, इसीलिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारी सड़कों के निर्माण के अधिक से अधिक प्रस्ताव बनाएं,

जिससे छोटी से छोटी और दूरस्थ की हर बसाहट तक पक्की सड़क पहुंच सके। उन्होंने अधिक से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मल्टीयुटिलिटी सेंटर, नवीन आंगनबाड़ी भवन, छात्रावास, वन धन विकास केंद्र, नवीन उचित मूल्य दुकानों आदि के प्रस्तावों को शामिल कर विकासखंड स्तरीय समिति से अनुमोदन करवा कर तत्परता से जिला स्तरीय समिति को भेजने के निर्देश दिए, जिससे रविवार तक प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजे जा सकें। उन्होंने अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए अधिक से अधिक आई.ई.सी. गतिविधियां आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक करने और 2 जनवरी से कार्ययोजना बनाकर भारिया ग्रामों में आयुष्मान कार्ड, आधार पंजीयन, पीएम किसान स मान निधि, सीएम किसान कल्याण योजना के लिए शिविर लगाकर लाभान्वित करने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में जागरूकता लाने और अधिक से अधिक हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनका पंजीयन कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि यूएन विमन का एक प्रोग्राम है, जिसके अंतर्गत साइंस और टे नोलॉजी पर महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाना है। इसमें 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग की जनजातीय महिलाओं को इस ट्रेनिंग का लाभ दिलाने के लिए आईटीआई प्राचार्य को तामिया के किसी छात्रावास अथवा स्कूल में स्थान का चिन्हांकन कर प्रधानमंत्री जनमन अभियान के अंतर्गत यह प्रशिक्षण आयोजित कराने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297